## जादू-टोना के शक में युवक की हत्या, 3 आरोपियों को दबोचा

- पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे में किया अंधे कत्ल खुलासा
- ईंट से सिर कुचलकर दिया था वारदात को अंजाम

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात युवक के अंधे कत्ल का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार, जादू टोना के शक में हुए विवाद के बाद आरोपियों ने युवक के सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी थी.**

पुलिस उपायुक्त जोन 1 कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि शनिवार 11 अप्रैल को अहीरखेड़ी मल्टी के सामने खाली मैदान में 28 से 30 वर्षीय अज्ञात युवक की ईंट व पत्थरों के मारने से हत्या का मामला सामने आया था. इस पर मर्ग और हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई. एसीपी निधि सक्सेना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विकास शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई. जांच के दौरान घटनास्थल के पास मिले दो खराब मोबाइल फोन अहम सुराग बने. तकनीकी विश्लेषण से मृतक की पहचान गोलू उर्फ कृष्ण कुमार अहिरवार उम्र 28 साल निवासी मकरोनिया, सागर के रूप में हुई, जो इंदौर में मिस्त्री का काम करता था और छोटा बांगड़दा में परिवार के साथ रह रहा था.



### हत्या से पहले चारों ने एक साथ बैठकर पी थी शराब

पुलिस ने जांच और मुखबिर सूचना के आधार पर विकास कोसे उम्र 28 साल, कृष्ण भिड़े उम्र 22 साल और भूरिया उर्फ भूरा उम्र 30 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने हत्या करना कबूल किया. आरोपियों ने बताया कि घटना वाले दिन सभी ने अहीरखेड़ी क्षेत्र में बैठकर शराब पी. विकास कोसे को शक था कि गोलू अहिरवार ने उस पर जादू टोना किया है. शराब पीने के दौरान इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और गुस्से में तीनों ने मिलकर गोलू के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और रिमांड पर लेकर आगे पूछताछ की जा रही है.

## ऑनलाइन डिलीवरी में किया खेल, कंपनी को लगाया 10 .90 लाख का चूना

- दो कर्मचारियों पर गबन का केस दर्ज
- ग्राहक द्वारा रिटर्न किए पार्सलों में बदल देते थे सामान

**इंदौर.** चंदन नगर थाना पुलिस ने एक ट्रांसपोर्ट कंपनी की शिकायत पर उसके ही दो कर्मचारियों के खिलाफ माल में हेराफेरी कर करीब 10.90 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है. आरोप है कि दोनों लंबे समय से पार्सलों में गड़बड़ी कर कंपनी को चूना लगा रहे थे.

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि नीरज जायसवाल, एनटेक्स ट्रांसपोर्टेशन कंपनी में लायजनिंग सीनियर एग्जीक्यूटिव हैं. उनकी कंपनी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजन के लिए अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में काम करती है. शिकायत में बताया गया कि कंपनी में सुपरवाइजर रहे दीपक मोहरे (निवासी पालदा) और डिलीवरी बॉय प्रवीण सिंह (निवासी जालोर, राजस्थान) सितंबर 2024 से जनवरी 2026 तक कार्यरत थे. इन पर आरोप है कि जब ग्राहक पार्सल लेने से मना करते थे, तो वापस आने वाले पार्सलों में दोनों कर्मचारी असली सामान निकालकर उसकी जगह अन्य वस्तु रख देते थे.

### दोनों कर्मचारियों से पुलिस कर रही पूछताछ

जांच के दौरान जब पार्सल खोले गए तो उनमें मूल सामान नहीं मिला. इस तरह कंपनी को करीब 10 लाख 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ. जांच में सामने आया कि आरोपी डिलीवरी के दौरान ही सामान बदल देते थे और बाद में उसे रिटर्न पार्सल दिखाकर कंपनी को गुमराह करते थे. कंपनी द्वारा नोटिस देकर पूछताछ करने पर भी दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गबन का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और उनसे पूछताछ की जा रही है.

## पुलिस ने ग्राहक बनकर फैलाया जाल, 5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

- ऑर्डर पर डिलीवरी देने आया आरोपी धराया, देवास से इंदौर होती थी सप्लाई

**इंदौर. तेजाजी नगर पुलिस ने गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह पर शिकंजा कसते हुए ग्राहक बनकर जाल बिछाया और आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास से 5 किलो 82 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है.**

कुछ दिन पहले पुलिस ने एक युवक को चिलम पीते हुए पकड़ा था. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि गांजा उदयनगर (देवास) से लाकर इंदौर में सप्लाई किया जाता है. इसके बाद पुलिस ने सप्लायर तक पहुंचने के लिए योजना बनाई. टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि पकड़े गए युवक के जरिए ही सप्लायर का संपर्क नंबर लिया और उसी से 5 किलो गांजे का ऑर्डर दिलवाया था. तय समय और स्थान पर पुलिस ने पहले से घेराबंदी कर दी.



निर्धारित जगह पर आरोपी बाइक से गांजा लेकर पहुंचा, तभी पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया. आरोपी की पहचान कालू पिता सुरेश बघेल उम्र 30 निवासी ग्राम धाराजी, तहसील उदयगढ़, जिला देवास के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर रिमांड लेने की तैयारी की है. पूछताछ में उससे यह जानकारी जुटाई जा रही है कि वह किन किन लोगों को गांजे की सप्लाई करता था और इस नेटवर्क में और कौन कौन शामिल है.

## आईडीए बिल्डिंग में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से भड़की लपटें

- छठे माले के फ्लैट से उठीं लपटें, सातवें तक पहुंची
- डेढ़ घंटे में पाया काबू, समय रहते टला बड़ा हादसा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. स्कीम नंबर 136 स्थित आईडीए की बहुमंजिला इमारत में सोमवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई. आग छठे माले के एक फ्लैट में लगी, जिसकी लपटें बाहर तक दिखाई देने लगीं और सातवें माले की बालकनी तक पहुंच गई. गनीमत रही कि समय रहते रहवासियों के बाहर निकल जाने से कोई जनहानि नहीं हुई.**



फायर ब्रिगेड के अनुसार घटना सुबह करीब 6 बजे निरंजनपुर क्षेत्र के पास हुई. छठे फ्लोर पर रहने वाले रवि मालवीय के फ्लैट में आग लगी थी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रात में मसाजर चालू रह जाने से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़क गई. घटना के समय दंपती दूसरे कमरे में थे. आग का आभास होते ही रवि ने तुरंत परिवार सहित अन्य रहवासियों को जगाया, जिससे सभी लोग सुरक्षित नीचे आ गए.

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची. ऊंचाई अधिक होने के कारण छह से अधिक पाइप जोड़कर सीढ़ियों के रास्ते ऊपर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया. करीब 10 हजार लीटर पानी की मदद से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग की चपेट में आने से सातवें माले की बालकनी में रखा सामान भी जल गया. फायर अधिकारी सुशील दुबे ने बताया कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम तो लगे हैं, लेकिन संबंधित स्थान पर ताला लगा होने से उनका उपयोग नहीं हो सका.

### एक नजर में

## एक बैंक मैनेजर की डायरी का लोकार्पण



**इंदौर.** नगर की साहित्य संस्था क्षितिज के द्वारा किए गए आयोजन में शहर के ख्यात समीक्षक और लेखक दीपक गिरकर के उपन्यास एक बैंक मैनेजर की डायरी का लोकार्पण वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर द्वारा श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में संपन्न हुआ. इस अवसर पर सूर्यकांत नागर ने कहा कि उपन्यास में आतंरिक द्वंद्व होना चाहिए. इस कृति को उसकी भाषा शैली की दृष्टि से डायरी कहना ही उचित होगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शोभा जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कृति समकालीन समय का सहज दस्तावेज है. डायरी की शक्ल में लिखा उपन्यास बैंकिंग व्यवस्था और खामी का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण व्यक्त करती है जिसमें लेखक दीपक गिरकर ने बैंकिंग राजनीति के आंतरिक परिवेश पर भी अपनी पैनी नजर रखी है. सारस्वत अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार अंतरा करवड़े ने कहा एक बैंक मैनेजर की डायरी कृति जीवन की बैलेन्स शीट को बराबर करती है. सरस्वती वन्दना वाणी जोशी द्वारा की गई. अतिथियों का स्वागत डॉ. अखिलेश शर्मा, सुरेश रायकवार, ज्योति जैन और आशा मुंशी द्वारा किया गया. संचालन रश्मि चौधरी और आभार प्रदर्शन तनुश्री उपगड़े द्वारा किया गया.

## औदुम्बर ब्राह्मण समाज के चुनाव में द्विवेदी अध्यक्ष चुने गए



**इंदौर.** औदुम्बर ब्राह्मण समाज की पंजीकृत संस्था श्री औदुम्बर महासभा इंदौर के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए. निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि चुनाव में विजेश पुराणिक पैनल एवं शिव शक्ति पैनल आमने सामने थी जिसमें विजेश पुराणिक पैनल भारी मतों से विजय रही. विजेश पुराणिक पैनल के योगेश द्विवेदी ने शिव शक्ति पैनल के बृजेश जोशी को सीधे मुकाबले में 355 मतों से हराया. कुल 2580 मतदाताओं में से 1481 ने मतदान किया. योगेश द्विवेदी को 898 तथा बृजेश जोशी को मात्र 543 मत मिले. कार्यकारिणी के लिए विजेश पुराणिक पैनल के 19 तथा प्रतिद्वंदी पैनल का एक ही सदस्य विजय रहा. विजेताओं के नाम है अर्पित चौधरी, मधुसूदन गौर, अमित दुबे, मुकेश पाठक, अश्विन शर्मा, नागेश्वर द्विवेदी, दिलीप दुबे, मनीष पाठक, प्रहलाद दुबे, आशुतोष पुराणिक, तुषार जोशी, दीपक शुक्ला, मयंक जोशी, सौरभ जोशी, स्वयं प्रकाश जोशी, अनीता दवे, अंशु दुबे, ऋतुजा पंडित, रंजना शर्मा एवं राधिका जोशी. शांतिपूर्ण मतदान के लिए निवृत्त मान अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने सभी का आभार माना.

## त्रिवार्षिक चुनाव में जय श्री गणेश पैनल की जीत




**इंदौर.** इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लाइज एंड ऑफिसर्स एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव आज संपन्न हुए. कुल 229 सदस्यों में से 205 सदस्यों ने मतदान का अधिकार का उपयोग किया. कांटे की टक्कर वाले इस चुनाव में जय श्री गणेश पैनल को 100 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रगति पैनल को 99 मत मिले. 6 मत निरस्त कर दिए गए. निर्वाचन अधिकारी द्वारा जय श्री गणेश पैनल के 11 पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया. निर्वाचित पदाधिकारियों में राधेश्याम ठाकुर संरक्षक, ओंकारसिंह भांवर अध्यक्ष, चंद्रेश चावड़ा उपाध्यक्ष, बाबूलाल मौर्य उपाध्यक्ष, वीरेंद्र पथरिया महासचिव, पंकज शर्मा कोषाध्यक्ष, सुमन गुप्ता सचिव, रितिका राणा सचिव, संध्या जोशी, ईश्वरसिंह सोनगरा, शुभम शर्मा और पवन चौहान कार्यकारिणी सदस्य चुने गए. जय श्री गणेश पैनल के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने बैंक कर्मचारियों के हितों की रक्षा, पारदर्शिता और एसोसिएशन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है. उक्त जानकारी इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लाइज एंड ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र पथरिया ने दी.

## हॉट स्पॉट चेकिंग के दौरान 70 हजार का 1 .4 किलो गांजा जब्त

- पुलिस को देख भागने की कोशिश की, घेराबंदी कर तस्कर को दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने हॉट स्पॉट और शेडो एरिया चेकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. आरोपी के कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपए आंकी गई है.**

थाना प्रभारी हित कुमार यादव ने बताया कि शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई.



रविवार रात यूनिक हॉस्पिटल के सामने दशहरा मैदान क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा. घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद झोले से गांजा बरामद हुआ. जांच में इसकी मात्रा 1 किलो 400 ग्राम पाई गई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विकास पिता राजेंद्र वर्मा उम्र 30 निवासी विघुर नगर, इंदौर बताया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है.

## पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी

- एफआईआर के आदेश
- कोर्ट ने फोटो और दस्तावेजों को पर्याप्त सबूत माना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी करने के मामले में जिला कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने सुनवाई के बाद महिला द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों को सही मानते हुए यह आदेश जारी किया.**

मामले के अनुसार नंदानगर में रहने वाले नितिन ने अप्रैल 2016 में रीना से प्रेम विवाह किया था. कुछ साल तक दोनों साथ रहे, लेकिन संतान नहीं होने के कारण वर्ष 2018 के बाद नितिन अलग रहने लगा. इसी बीच वर्ष 2021 में उसने पारिवारिक सहमति से सोनम नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली. बताया जा रहा है कि सोनम को नितिन की पहली शादी की जानकारी थी.

दूसरी शादी की जानकारी मिलने पर पहली पत्नी रीना ने आपत्ति दर्ज कराई. इसी दौरान नितिन ने कोर्ट में तलाक का केस भी लगाया, जिसे खारिज कर दिया गया. रीना की ओर से अधिवक्ता पवन राय ने कोर्ट में जवाब पेश करते हुए आरोप लगाया कि बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर धोखाधड़ी की गई है. महिला पक्ष ने कोर्ट में शादी के फोटो, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और अस्पताल व नगर निगम के दस्तावेज पेश किए. इन साक्ष्यों से यह साबित हुआ कि नितिन और सोनम ने पहली शादी की जानकारी होने के बावजूद विवाह किया और तथ्यों को छिपाया. दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए नितिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है.

## 9 मई को इंदौर हाईकोर्ट में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

- सभी लंबित मामलों का किया जाएगा तुरंत निराकरण
- आपसी समझौते से निपटेंगे प्रकरण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में 9 मई, शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी. यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रशासनिक न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में होगा.**

लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर तुरंत निराकरण किया जाएगा. इसके लिए पक्षकारों और अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने मामलों के निपटारे कराने इस लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की गई है. इच्छुक पक्षकार अपने प्रकरण लोक अदालत में रखने के लिए प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओएसडी/रजिस्ट्रार (न्यायिक) या संबंधित विभाग में आवेदन कर सकते हैं. लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निपटारे पर जमा कोर्ट फीस वापस करने का प्रावधान भी है, जिससे पक्षकारों को समय के साथ आर्थिक राहत भी मिलेगी. वहीं, अधिक जानकारी के लिए उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, इंदौर से संपर्क किया जा सकता है.

## ट्रैफिक पुलिस ने दिखाई सख्ती : बनाए 1448 चालान

- हेलमेट और रांग पार्किंग पर की बड़ी कार्रवाई
- शहर के चारों जोन में पुलिस की पेट्रोलिंग तेज
- बाजारों में ट्रैफिक हुआ सुगम, जाम में कमी

**इंदौर.** शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1448 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है. इस दौरान हेलमेट, रॉंग पार्किंग, मोबाइल उपयोग और वन वे तोड़ने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की गई.

डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह निर्देशन में चारों जोन में विशेष पेट्रोलिंग और व्हील लॉक टीमों को सक्रिय किया है. अधिकारियों के निर्देश पर टीमों ने प्रमुख मार्गों, व्यस्त बाजारों और ट्रैफिक दबाव वाले इलाकों में लगातार निगरानी कर अव्यवस्थित पार्किंग और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की. अभियान के दौरान 1237 हेलमेट नहीं पहनने वालों, 88 रॉंग पार्किंग, 34 मोबाइल पर बात करते वाहन चालकों और 14 वन वे उल्लंघनकर्ताओं पर चालानी कार्रवाई की. इसके अलावा अन्य उल्लंघनों पर भी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों वाहनों को नो पार्किंग से हटवाया. इस दौरान जोन 1 में अन्नपूर्णा रोड, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट रोड, इमली बाजार और मरीमाता क्षेत्र में कार्रवाई की गई, वहीं जोन 2 में मेदांता रोड, मालवामिल, पाटनीपुरा, भमोरी, विजयनगर और एलआईजी क्षेत्र कवर किए. जबकि जोन 3 में 56 दुकान, पलासिया, रीगल, जेल रोड, कोठारी मार्केट और घंटाघर तक सघन कार्रवाई की गई. इसी तरह जोन 4 में यशवंत रोड, सराफा, जवाहर मार्ग, क्लॉथ मार्केट और गोराकुंड क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग रही.




### पुलिस का दावा... लगातार कार्रवाई का दिख रहा असर

डीसीपी का कहना है कि लगातार पेट्रोलिंग का असर भी दिखने लगा है. बाजारों में अवैध पार्किंग कम हुई है, कई सड़कों पर ट्रैफिक पहले से ज्यादा सुचारू हुआ है और वाहन चालकों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है. भीड़भाड़ वाले इलाकों में तत्काल ट्रैफिक मैनेजमेंट से जाम की स्थिति में भी कमी आई है. ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में व्यवस्था सुधारने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आने वाले दिनों में सघन चेकिंग के साथ सख्त कार्रवाई और बढ़ाई जाएगी.

**एक नजर में** — प्रभु नगर की कच्ची सड़कों पर सालभर बहता रहता है पानी, सड़क पर जमा रहता है कीचड़, लोगों का घरों से बाहर निकलना हो जाता है मुश्किल

## सीवरेज लाइन और पक्की सड़क जैसी आवश्यक सुविधाओं से महरूम हैं प्रभुनगर के बाशिंदे

**इंदौर.** नगर निगम शहर के विकास के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करती है, लेकिन आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पिछले एक दशक से विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आम जनता को सिर्फ आश्वासन ही दिए जा रहे हैं.

हवा बंगला से लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में स्थित वार्ड क्रमांक 79 के अंतर्गत आने वाले प्रभु नगर में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है. क्षेत्र में अब तक पानी सीवरेज और पक्की सड़क जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं, जिससे रहवासियों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. प्रभु नगर की कच्ची सड़कों पर सालभर पानी बहने के कारण कीचड़ जमा रहता है. खासतौर पर बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं. जिससे लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो जाता है. हर साल बारिश में रहवासियों द्वारा अपने स्तर पर कच्चे रास्तों को सुधारने की कोशिश की जाती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं मिल पाता. गड्ढे और पत्थरों से भरी सड़कों के कारण बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ते जोखिम भरे साबित हो रहे हैं. क्षेत्र का सर्वे और नपती भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है. वर्षों बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्य शुरू नहीं किया गया है, जिससे रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है.



### यह बोले रहवासी...



जब से कॉलोनी बसी है, तब से आज तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है. पार्षद आते हैं नप्ति लेकर जाते हैं और आश्वासन देते हैं, लेकिन कुछ नहीं होता.
– राधा पथरोड़



बरसात में तो हालत बदतर होती ही है, सूखे के मौसम में भी कच्ची सड़क पर पानी ढुलते ही कीचड़ हो जाता है, जिसके कारण आपस में भी झगड़े होते हैं. पक्की सड़क बन जाए तो यहां की कई समस्याएं दूर हो जाएंगी.
– निर्मल वर्मा



पक्की सड़क बनवाने की मांग को लेकर पार्षद के ऑफिस भी गए थे, कभी कहते हैं, व्यास जी को बोलो... तो कभी प्रदीप भैया को. हम इधर से उधर चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन समाधान नहीं होता.
– अश्विन भालसे



### प्रभुनगर में भी शीघ्र सड़क बनवाई जाएगी

मेरे वार्ड के कई मार्ग हैं, जिनका निर्माण विधायक निधि के अंतर्गत होने वाला है. वे स्वीकृत हो चुके हैं. इस दौरान प्रभु नगर क्षेत्र में भी पक्की सड़क बनाई जाएगी.
– लक्ष्मी वर्मा, पार्षद